भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **4096**
दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 / 21 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तन पर कार्गो टर्मिनल का निर्माण

4096. श्री सुनील कुमार सोनी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किसी विमानपत्तन पर कार्गो टर्मिनल के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित-मानकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या छत्तीसगढ़ सरकार से रायपुर के पुराने टर्मिनल को कार्गो टर्मिनल के रूप में विकसित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में लिए गए निर्णय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आयटा) द्वारा एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) के सहयोग से एयरपोर्ट डेवलपमेंट रेफरेंस मैनुअल (ADRM) विकसित किया गया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, नई अथवा विद्यमान विमान कार्गो की एयर साइड एवं नगर साइड अवसंरचना के उन्नयन की योजना सहित, विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में दिशानिर्देशन दिए गए हैं एवं उद्योग जगत की सर्वोत्तम परिपाटियों को बढ़ावा दिया गया है। सामान्य और एक्स्प्रेस कार्गो टर्मिनल पर स्पेस आवंटन की आयोजना के लिए, इन दिशानिदेशों में पूर्वानुमान और मानदण्ड निर्धारित करने के अलावा, कार्गो सुरक्षा, सुरक्षा, नियामक और संचार नियंत्रण, विचारधीन रूपरेखा, विशिष्ट कार्गो प्रवाह, कार्गो की प्रकृति - उच्च जोखिम, मूल्यवान, खराब होने योग्य फार्मास्यूटिकल्स, मेल, कूरियर, एक्सप्रेस, जीवित जंतु आदि शामिल हैं। सरकार द्वारा इन मानदंडों और मानकों को हवाई अड्डो पर एयर कार्गो सुविधाओं के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के डेवलपर्स को प्रचारित किया गया है।

(ख) और (ग): छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार ने रायपुर हवाई अड्डे के पुराने यात्री टर्मिनल को एयर कार्गो की सुविधा के रूप मे विकसित करने के संबंध में रुचि व्यक्त की थी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्गो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विसेज लिमिटेड (AAICLAS) ने 945 वर्गमीटर के क्षेत्र में पुराने यात्री टर्मिनल भवन को परिवर्तित करके, अन्तर्देशीय एयर कार्गो सुविधा का निर्माण किया है जो अनप्रचालित है। तथापि, अब तक हवाई अड्डे को सीमा शुल्क के अंतर्गत अधिसूचित नहीं किया गया है और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, जो कि अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं के सृजन के लिए महत्वपूर्ण मानदंड हैं का परिचालन शुरू नहीं किया गया है।

*****